कोरोना का कहर

भारत — मामले 31787, मौतें 1008

पंजाब — मामले 313, मौतें 19

विश्व 3,105,224

डेली संवाद

dailysamvad.com

ब्रीफ न्यूज़

लुधियाना में कोरोना के मिले एक साथ 11 पाजिटिव केस

लुधियाना। पंजाब में हर आए दिन कोरोना वायरस के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जानकारी के अनुसार आज ही के दिन लुधियाना में कोरोना पीतों का एकदम से ब ा उछाल देखने को मिला जिस कारण यहां लोगों में ह कंप मच गया है। सिविल सर्जन डॉ. राजेश बग्गा ने बताया कि जांच के दौरान हजूर साहिब से लौटे 7 यात्रियों और कोटा से लौटे 4 छात्रों में कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। यानि कि आज ही के दिन लुधियाना में एक साथ इकट्ठे 11 मरीज कोरोना के आ चुके हैं। बता दें कि लुधियाना में ये कोरोना का सबसे बड़ा ब्लास्ट है।

सीबीएसई ने अटकलों को किया खारिज, जरूर होंगी 10वीं और 12वीं की परीक्षा, फैसले में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। सीबीएसई ने कहा है कि 10वीं और 12वीं की शेष परीक्षाओं के आयोजन को लेकर उसके फैसले में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ये परीक्षाएं जरूर आयोजित होंगी। सीबीएसई मुख्य 29 विषयों के पेपर स्थिति सामान्य होने के बाद जरूर करवाएगी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने बोर्ड परीक्षाएं न करवाए जाने की अटकलों को भी खारिज किया है। मंत्रालय का कहना है कि हालात सामान्य होते ही 10वीं व 12वीं कक्षा की रह गई बोर्ड परीक्षाएं करवा ली जाएंगी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के मुताबिक सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं की तारीख सुनिश्चित करेगी।

सड़क हादसे में पांच की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में बुधवार को अलग-अलग हादसों में एक ही परिवार के चार लोगों समेत कुल पांच की मौत हो गई। दो की जान नवनिर्मित दीवार ढहने से गई तो तीन ने घायल को अस्पताल ले जाते समय सड़क हादसे में जान गंवा दी। घटना से गांव में कोहराम मच गया है। एक ही परिवार की चार मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है।

पाक में हिंदू विधायक राणा हमीर भी कोरोना से संक्रमित

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक हिंदू विधायक को कोराना वायरस से संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तान में सत्ताधारी पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) से सिंध प्रांतीय विधानसभा के सदस्य राणा हमीर सिंह की कोरोना जांच पॉजिटिव आई है। राणा हमीर सिंह साल 2018 में थारपारकर जिले से चुने गए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग से वोडाफोन आइडिया को 733 करोड़ वापस करने को कहा

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वोडाफोन आइडिया लिमिटेड को आंशिक राहत देते हुए आकलन वर्ष 2014-15 के लिए आयकर विभाग को चार सप्ताह के भीतर दूरसंचार कंपनी को 733 करोड़ रुपये वापस करने को कहा है। वोडाफोन आइडिया ने आकलन वर्ष 2014-15, 2015-16, 2016-17 और 2017-18 के लिए कर वापसी में 4,759.07 करोड़ रुपये की मांग की थी।

धूम्रपान करने वालों को कोरोना से सबसे ज्यादा खतरा

नई दिल्ली : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), जोधपुर के वैज्ञानिकों के एक अध्ययन के मुताबिक धूम्रपान करने वालों को कोरोना वायरस के संक्रमण से सबसे ज्यादा खतरा है। वैज्ञानिकों की टीम न्यूरोनिवसिव प्रकृति की खोज कर रही है। यह अध्ययन कोरोना वायरस के एसिंप्टोमेटिक केस को लेकर खतरे की घंटी बजा रही है। एसिंप्टोमेटिक को आसान भाषा में समझें तो वह बीमारी जिसमें कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। इस अध्ययन में कहा गया है कि अगर किसी व्यक्ति में एनोस्मिया (सूंघने की कमी) और आयुसीया (स्वाद न आने) जैसे लक्षण हैं तो उसे खुद को तुरंत क्वारंटीन कर लेना चाहिए।

पंजाब में 17 मई तक जारी रहेगा कर्फ्यू

दिन में 4 घंटे खुल सकेंगी दुकानें

जालंधर समेत रेड जोन में रहेगी सख्ती

डेली संवाद, चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने बुधवार को कर्फ्यू में वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि राज्य में 3 मई के बाद दो हफ्ते के लिए और कर्फ्यू लागू रहेगा परन्तु कल से लॉकडाउन की थोड़ी बंदिशें जरूर हटाई जा रही हैं। यह थो ी छूटें भी कोविड-19 के एहतियातों का पालन करते हुए सिर्फ गैर सीमित और गैर रेड जोनों के लिए दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को कोविड की स्थिति में से बाहर निकालने के लिए बनाई गई माहिरों की समिति की रिपोर्ट और समाज के अलग-अलग क्षेत्रों द्वारा प्राप्त हुई जानकारी के आधार पर यह जरूरी है कि लॉकडाउन की बंदिशें अभी थो ा समय और जारी रखी जाएँ। पंजाब में कर्फ्यू / लॉकडाउन अब 17 मई तक जारी रहेगा परन्तु इसके साथ ही कल से रोजमर्रा की प्रातःकाल 7 से 11 बजे तक थो ी छूटें जरूर मिलेंगीं। सीमित और रेड जोन वाले क्षेत्रों में पहले की तरह ही लॉकडाउन की बंदिशें मुकम्मल तौर पर सख्ती के साथ लागू रहेंगी।

स्थिति की दो हफ्तों बाद समीक्षा की जायेगी

राज्य के लोगों के नाम जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति की दो हफ्तों बाद समीक्षा की जायेगी और यदि महामारी कंट्रोल में रही तो बाद में और ील घोषित की जाएंगी। मुख्यमंत्री द्वारा थेड़ी राहतें देने के किये ऐलान के अंतर्गत कुछ दुकानों को सम्बन्धित क्षेत्रों में रोटेशन के साथ खोलने की आज्ञा होगी। यह दुकानें रोजमर्रा की प्रातःकाल 7 से 11 बजे तक 50 प्रतिशत स्टाफ की क्षमता के साथ खोली जा सकेंगी। डिप्टी कमीश्नरों को आदेश दे दिए गए हैं कि वह मुख्यमंत्री के निर्देशों के अंतर्गत दुकानों को खोलने के लिए रोटेशनल समय सारणी बना लें यह आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के लागू होने के चार दिन बाद किये गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन / कर्फ्यू प्रातःकाल 11 बजे से पहले की तरह जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह सामाजिक दूरी का पालन करते हुए तय समय तक अपने घरों में लौट जाया करें। छूट वाले समय के दौरान बाहर निकलने वाले व्यक्ति को मास्क पहनना और दूसरे व्यक्ति से 2 मीटर की दूरी बनाए रखनी होगी। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने कहा कि यह राहत लोगों की सुविधा के लिए दी गई है। वह इस राहत के समय के दौरान दोस्तों या दूसरों को न मिलें। उन्होंने कहा कि अगर दो हफ्तों में स्थिति में सुधार हुआ तो हम और कदम उठा सकते हैं।

मल्टी ब्रांड और सिंगल ब्रांड मॉल्ज नहीं खुलेंगे

मुख्यमंत्री द्वारा घोषित की गई सीमित ढील में कल से मल्टी ब्रांड और सिंगल ब्रांड मॉल्ज को छो कर सभी रजिस्टर्ड दुकानों को वर्करों की 50 प्रतिशत संख्या के साथ प्रातःकाल 7 बजे से प्रातःकाल 11 बजे तक खोलने की अनुमति दी गई है। नयी हिदायतों के मुताबिक इस समय दौरान शहरी इलाकों में सभी अकेले दुकानों, नेबरहुड शॉप्स और रिहायशी कम्पलैक्सों में दुकानों को खोलने की भी आज्ञा दी गई है। इन हिदायतों में स्पष्ट किया गया है कि सैलून, नाई की दुकानें आदि सेवाएं बंद रहेंगी। इसी तरह लॉकडाउन के समय के दौरान ई-कॉमर्स कंपनियों को सिर्फ जरूरी वस्तुएँ मुहैया करवाने की इजाजत होगी। उद्योग को खोलने के लिए अपनी सरकार की रूचि को प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री ने जो उद्योग कामगारों के रहने का बंदोबस्त कर सकते हों या फिर कामगार के साथ लगते इलाकों से आते हैं, को अपने यूनिट चलाने की अपील की जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बहाल किया जा सके।

21 दिनों के लिए एकांतवास

लॉकडाउन के समय के दौरान बाहर के राज्यों में बड़ी संख्या में फंसे पंजाबियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इनको वापस लाना उनकी सरकार की जिम्मेदारी बनती है परन्तु इनको 21 दिनों के लिए एकांतवास में रहना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि राज्य ने सभी जिलों में इनके एकांतवास के लिए बंदोबस्त किये हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में एन.आर.आईज की घर वापसी के दौरान पंजाब में समस्या गंभीर हुई थी और इसके बाद निजामूद्दीन के समागम में शामिल होने वालों की राज्य में वापसी होने पर यह समस्या और बढ़ गई थी। उन्होंने कहा कि राज्य यह सहन नहीं कर सकता कि दूसरे राज्यों से आने वालों से हालात एक बार फिर बेकाबू हो जाएँ। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों से अपने घर आने वालों को एकांतवास में रखना लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

राज्य में अब तक 330 व्यक्ति प्रभावित

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ऐलान की गईं राहतों से पंजाब के लोगों को फायदा होगा जो पिछले 38 दिनों से कर्फ्यू की अलग-अलग बंदिशों में रह रहे हैं। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने लोगों के लिए इसको कठिन समय बताया जिन्होंने अपने लिए, परिवारों और राज्य के लिए बड़ा त्याग किया है। उन्होंने कहा कि महामारी को काबू करना लाजिमी है



जिससे राज्य में अब तक 330 व्यक्ति प्रभावित हुए हैं। कोरोनावायरस को लम्बी ल ाई बताते हुए कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने कहा कि चाहे विभिन्न माहिरों की इस बारे में अलग-अलग राय है परन्तु ऐसे संकेत मिलते हैं कि कोरोनावायरस का संकट जुलाई / अगस्त तक या यहाँ तक कि सितम्बर तक जारी रहेगा। कोरोनावायरस की मार से किसी भी मुल्क के न बचने का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रोग से विश्वभर में ब ा स्तर पर जानें गई हैं और अकेले अमरीका में लगभग 50000 मौतें हुई हैं और अब तक 10 लाख केस सामने आए हैं। उन्होंने इंग्लैंड, जर्मनी और कैनेडा का उदाहरण देते हुए लगातार चैकस रहने की जरूरत पर जोर दिया।

कोरोना वारियर्स पर हमला करने वालों के खिलाफ नया अध्यादेश ला रही है योगी सरकार

29 अप्रैल, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगों को बचाने में जुटे कोरोना वारियर्स (पुलिस, सफाईकर्मी, डॉक्टर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टाफ) की सुरक्षा की दिशा में बड़ा फैसला किया है। अब यूपी में कोरोना वारियर्स पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश सरकार ने एक नया अध्यादेश लाने की तैयारी कर ली है। इस अध्यादेश से एपिडेमिक डिजीज एक्ट (महामारी बीमारी कानून), 1897 में बदलाव कर दण्ड को और सख्त किया जाएगा। उपचार तंत्र को और मजबूत बनाते हुए सीएम योगी ने कोविड उपचार के लिए 52 हजार नए बेड बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके लिए चिकित्सा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग को जिम्मेदारी दी गई है।

उक्त जानकारी बुधवार को यहां लोकभवन में कोरोना वायरस के संबंध में किए गए प्रेस कांफ्रेंस में अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी एवं प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने पत्रकारों को दी। अपर मुख्य सचिव, गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टीम-11 के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश में लॉकडाउन के स्थिति की समीक्षा की।

- महामारी अधिनियम में बदलाव करेगी योगी सरकार
- प्रदेश में कोविड उपचार के अस्पतालों में बढ़ेंगे 52 हजार बेड
- प्रयागराज से अबतक 351 बसों से घर भेजे गए अध्ययनरत 10530 छात्र
- प्रदेश में अबतक 2115 केस, कोरोना से 36 लोगों की मौत
- प्रदेश के 60 जनपद कोरोना से प्रभावित
- कोरोना वायरस के संबंध में अपर मुख्य सचिव, गृह एवं प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने लोकभवन में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में लॉकडाउन का गंभीरता से कराने का निर्देश दिया।

अपर मुख्य सचिव, गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगों को बचाने में जुटे डॉक्टर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर एपिडेमिक डिजीज एक्ट (महामारी बीमारी कानून), 1897 में बदलाव करने के लिए नया अध्यादेश लाने का फैसला किया गया है। सीएम योगी ने इस अध्यादेश को तत्काल लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि नए अध्यादेश से कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगों को बचाने में जुटे डॉक्टर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा में मजबूती होगी साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ेगा।

अपर मुख्य सचिव, गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वायरस के संक्रमण से उपचार के लिए भी बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी ने प्रदेश में लागू त्रिस्तरीय अस्पतालों में 52 हजार अतिरिक्त बेड बढ़ाने का आदेश दिया है। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एल-1 के अस्पतालों में 10 हजार, एल-2 के अस्पतालों में 5 हजार और एल-3 के अस्पतालों में 2 हजार बेड को बढ़ाया जाएगा। इसी प्रकार चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भी एल-1 के अस्पतालों में 20 हजार, एल-2 के अस्पतालों में 10 हजार और एल-3 के अस्पतालों में 2 हजार बेड को बढ़ाया जाएगा।

लाकडाउन के बीच विशेष पूजा-अर्चना के बाद

केदारनाथ धाम के खुले कपाट

हरिद्वार। बुधवार सुबह मेष लग्न में भगवान केदारनाथ धाम के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए। इसके बाद अगले छह महीने तक बाबा केदार की पूजा-अर्चना धाम में ही होगी। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के समय पूजा में पुजारी समेत सिर्फ 16 लोग ही शामिल हुए। इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखा गया। तड़के तीन बजे से मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग द्वारा बाबा की समाधि पूजा के साथ अन्य सभी धार्मिक औपचारिकताएं पूरी की गईं। इसके बाद तय समय पर सुबह 6.10 बजे केदारनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भगवान केदारनाथ के कपाट खोले जाने पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि बाबा केदार हम सभी पर अपनी कृपा बनाकर रखें। बाबा केदार के आशीर्वाद से हम कोरोना की इस वैश्विक महामारी को हराने में अवश्य कामयाब होंगे। कोरोना के कारण इस बार आम जन दर्शन के लिये नहीं आ सके। हम सभी के मन में बाबा केदार के लिए अपार श्रद्धा है। बाबा केदार, अपने भक्तों पर स्नेह बनाये रखें, यही कामना है।

बेहद सादगी पूर्वक खुले मंदिर के कपाट

धाम के कपाट खुलने के दौरान पिछले वर्षों की भांति सेना का बैंड शामिल नहीं हुआ। बेहद सादगी पूर्वक मंदिर के कपाट खुले। बताया कि केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग ऊखीमठ में चौदह दिनों की क्वारंटीन में हैं। उनके प्रतिनिधि के तौर पर पुजारी शिवशंकर लिंग ने कपाट खुलने की संपूर्ण प्रक्रियाओं का निर्वहन किया। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड के चार में से तीन धामों के कपाट खुल गये हैं। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के अवसर पर 26 अप्रैल को खुल चुके हैं। जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट 15 मई को खुलेंगे।

डाक से भेजा जाएगा भक्तों को प्रसाद

केदारनाथ मंदिर को सजाने का सौभाग्य उन्हें पहली बार मिला है। इधर, उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि कोरोना की गंभीरता को देखते हुए सीमित संख्या में बोर्ड कर्मियों, हकूकधारी तीर्थ पुरोहितों एवं प्रशासन के लोगों को केदारनाथ धाम जाने की अनुमति दी गई है। देवस्थानम बोर्ड को केदारनाथ धाम के कपाटोद्घाटन के लिए कोरोना संक्रमण से पूर्व दस लाख की ऑनलाइन बुकिंग मिल चुकी थी। ये सभी बुकिंग महाभिषेक पूजा व रुद्राभिषेक पूजा की थी, लेकिन लॉकडाउन के कारण श्रद्धालु धाम नहीं जा पाएंगे। बोर्ड के मीडिया प्रभारी डा. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि ऑनलाइन जितनी बुकिंग मिली है, उनकी पूजा कर प्रसाद डाक से भेजा जाएगा।

जीव हत्या सबसे बड़ा पाप, इससे कभी ईश्वर खुश नहीं हो सकता : सन्त उमाकान्त जी महाराज

डेली संवाद, जालंधर/उज्जैन

मनुष्य को मन्दिर में जीते जी ईश्वर, ख़ुदा को पाने का रास्ता बताने वाले सन्त उमाकान्त जी महाराज ने भक्तों को सन्देश देते हुए कहा कि कोई कहता है पाप नाशनी गंगा है इसमें जो कुछ भी पाप किये हो, वो नहाओगे तो धुल हो जाएंगे, तो कोई कहता है भगवान को हम घर मे ही बना लेंगे तो पत्थर की मूर्ति बना लेता है। कोई मिट्टी की मूर्ति बना लेता है, पत्थर को मिट्टी को इकट्ठा कर लेता है और भगवान मान करके पूजा करता है चंदन, फूल,पत्ती चढ़ाता है।

संत उमाकांत जी महाराज जी ने सत्संग में कहा है कि कोई ये सोचता है कि इनको खुश करंगे जबकि हम जीव हत्या करेंगे तो ये खुश हो जाएंगे । कहि-कहि तो खाने के चक्कर में लोग कहते है कि हम पुजारी है, भगवान को मानते है भोग लगाकर तब खाएंगे, बकरा काट करके चढ़ाएंगे, पहले उनको खिलाएंगे फिर हम खाएंगे। कोई तो ये कहता है कि हम मछली का भोग लगाकर शालीग्राम भगवान को तब फिर हम खाएंगे, हैं भगत है पहले उन्हें लगते है फिर खाते है। उनको क्या पता की जीव हत्या कितना बड़ा पाप होता है?

जीव हत्या से खुद खुश नही होता : मुसलमानों में जो अच्छे लोग है रोज़ा रखते है मज़हब को समझते है हुज़ूर मुहम्मद साहब को मानते है उनके बताए रास्ते पर चलते है जो उन्होंने बताया बिस्मिल्लाहिरमाने रहीम की वो मालिक रहमान है तुम पर दया करेगा जब तुम जीवो पर दया करोगे पर कहि-कहि वातावरण ऐसा बन गया कि हिन्दू को मार दो, सिक्ख को मार दो,ईसाई को मार दो तभी शबाब मिलेगा,तभी खुश होगा वो ख़ुदा, जन्नत तभी मिलेगी जब लोगों को मार दोगे, काट दोगे, वो उसी को मान लेता है। कि यही धर्म है। समझो ईसाई ये कहते है वो मर्सिफूल गॉड दयावान है। तो दया कर दो, गरीबो को खिला दो, इनको बच्चों को पढ़ा करके नौकरी लगवा दो,स्कूल खुलवा दो, इनको बाट दो,इनका धर्म परिवर्तन कर दो,इनको ईसाई बना दो। वो इसी को मान लिए।

समरथ गुरु की खोज करों

सिक्ख लोग कहते है की गुरुओं को मानेंगे, गुरु के बताए रास्ते पर चलेंगे। लेकिन उनके आदर्श का पालन नही करते है। किसी भी गुरु ने मांस नही खाया लेकिन आप ये समझों की वो भूल गए कि गुरु भी दयालू थे और मांस नही खाये और नानक जी ने तो यहां तक कहा कि सब राक्षस को नाम जपायो और अमिश भोजन तिन्हे तजवायो। मतलब जो खाते-पीते थे जो उस समय पर, उनको भी मांस तजवा करके और सबको उन्होंने नाम जपवाया, नाम की कमाई करवाया, आप ये समझो कि इन सब चीजों को जो उसमे लिखा हुआ है, नानक प्रकाश में गुरु ग्रंथ साहब में, उस पर ध्यान नही देते है। तो ये क्या है? यह है भ्रम और भूल इसीलिये कहा गया कि समरथ गुरु की जरूरत पड़ती है, संतो की खोज करनी चाहिए।

नहीं रहे अभिनेता इरफान खान

जनाजे की नमाज के बाद सुपुर्द-ए-ख़ाक हुए एक्टर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता इरफान खान को बुधवार दोपहर 3 बजे मुंबई के वर्सोवा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनके प्रवक्ता ने एक आधिकारिक बयान में कहा, इरफान को आज दोपहर 3 बजे मुंबई के वर्सोवा कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस मौके पर उनके परिवार, करीबी रिश्तेदार और दोस्त थे। सभी ने उनको अंतिम विदाई दी और उनके निधन पर गहरा शोक जताया। हम उनकी शांति के लिए प्रार्थना करते हैं और हमें उम्मीद है कि वह आज एक बेहतर जगह पर हैं। वह अपनी लड़ाई में मजबूत थे। हमने एक बहुत अच्छे अभिनेता को खो दिया। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता इरफान खान ने बुधवार को 54 वर्ष की आयु में बुधवार को अंतिम सांस ली। इरफान को इस सप्ताह के शुरू में कोलन संक्रमण के

चलते मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दुर्भाग्यवश उन्होंने अपनी बीमारी के कारण दम तोड़ दिया। अभिनेता अपने पीछे पत्नी सुतापा सिकदर और दो बेटों बबील और अयान को छोड़ गए हैं। इरफान खान के असामयिक निधन पर बॉलीवुड हस्तियों ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।